# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
28/11/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Bhaskar, Bhainsordgarh(RJ)**

# संवेदनशील इलाकों की बनेगी सूची, सूचना देने पर पहुंचेंगे अधिकारी

## रेपिड एक्शन फोर्स ने भैंसरोडगढ़ और बोराव में किया फ्लैगमार्च



रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 83 बटालियन की कंपनी की एक प्लाटून भैंसरोडगढ़ का भ्रमण करते हुए।

भैंसरोडगढ़। रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 83 बटालियन की कंपनी की एक प्लाटून ने सहायक कमांडेंट विकास बाबू के नेतृत्व में भैंसरोडगढ़ में इंचार्ज राधेश्याम के साथ परिचित अभ्यास थाना क्षेत्र भैंसरोडगढ़, बोराव में डोमिनेशन, फ्लैगमार्च कराया गया। जिससे भविष्य में जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

जानकारी के अनुसार रैपिड एक्शन फोर्स के इस परिचित अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या साक्षर, निरक्षर सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील इलाकों, बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना, सांप्रदायिक तनाव, दंगा की स्थिति निर्मित होने पर उसे किस ढंग से नियंत्रित किया जाए जैसे बिंदुओं का अध्ययन किया जाएगा। दल के सदस्यों की ओर से राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी एकत्र की जाएगी। बी, 83 बटालियन द्वारा सभी क्षेत्रों का चित्र भी बनाया जाएगा। मानचित्र का उद्देश्य किसी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर निष्क्रमण के लिए नियत स्थल पर तत्काल पहुंचने में सुविधा हो। रैपिड एक्शन फोर्स ग्रामीण क्षेत्रों का भी अध्ययन करेगी। रैपिड एक्शन फोर्स ने रावतभाटा शहर के विभिन्न इलाकों में फ्लैगमार्च किया और स्थिति की जानकारी ली। प्लाटून के साथ एएसआई प्रहलादसिंह, गोवर्धनलाल, कांस्टेबल अशोक बिश्नोई साथ थे। प्लाटून में 50 जवान शामिल थे। जिन्होंने शहर के बारे में जानकारी ली।

Dainik Navjyoti, Rawatbhata(RJ)

# परिचय अभ्यास में रावतभाटा में फ्लैग मार्च किया



रावतभाटा (शिव सिंह चौहान)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 83 बटालियन बी कंपनी की एक प्लाटून द्वारा सहायक कमाडेंट विकास बाबू एवं रावतभाटा थानाधिकारी रामरूप मीणा, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक गोर्धनलाल जाट, प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को परिचय अभ्यास में रावतभाटा में फ्लैग मार्च किया गया, ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्यवाही की जा सके। फ्लैग मार्च रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) एवं थाने के पुलिस जवानों द्वारा नगर के एनटीसी, चेतक मार्केट, जीवाजी मार्केट, हाटचौक बाजार, कोटा बैरियर अंहिसा सर्किल पर निकाला गया। रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 83 बटालियन बी कंपनी की एक प्लाटून एवं राजस्थान पुलिस के जवानों द्वारा परिचय अभ्यास के अन्तर्गत मंगलवार को भैंसरोड़गढ़ कस्बे में भी फ्लैग मार्च किया गया। रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 83 बटालियन बी कंपनी के सहायक कमाडेंट विकास बाबू एवं भैंसरोड़गढ़ थानाधिकारी गोपालकृष्ण परमार, एएसआई राधेश्याम द्वारा इस परिचय अभ्यास में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया। आरएएफ ने संबंधित इलाके की भौगोलिक स्थिति व कानून व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली।

रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 83 बटालियन बी कंपनी के सहायक कमाडेंट विकास बाबू नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के इस परिचित अभ्यास के दौरान क्षेत्र की जनसंख्या, साक्षर/निरक्षर, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील इलाकों एवं बलवाईयों की सूची तैयार की गई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या सांप्रदायिक तनाव व दंगा की स्थिति निर्मित होने पर उसे किस ढंग से नियंत्रित किया जाए सहित विभिन्न स्थितियों का अध्ययन किया जाएगा। दल के सदस्यों द्वारा राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी प्राप्त की जाएगी। आरएएफ की 83वीं बटालियन बी कंपनी द्वारा सभी क्षेत्रों का मानचित्र भी बनाया जाएगा, जिस मानचित्र का उद्देश्य अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर इस पर नियंत्रण के लिए नियत स्थल पर तत्काल पहुंचने में सुविधा हो। रैपिड़ एक्शन फोर्स द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का भी अध्ययन किया जाएगा।

## Dainik Jagran, Lucknow(UP)

# आरएएफ की बटालियन ने जीता राजभाषा पुरस्कार



पुरस्कार लेते कमांडेंट • जागरण

सरोजनीनगर : बिजनौर स्थित 91 बटालियन द्रुत कार्य बल को राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। आरएएफ के कमांडेंट वीपी सिंह को राजभाषा शील्ड और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सूबेदार मेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि भारत सरकार के 72 कार्यालयों में से वाहिनी को राजभाषा में तृतीय स्थान प्रदान किया गया। (जासं)

## Hindustan, Lucknow(UP)

# 91वीं बटालियन को मिला राजभाषा पुरस्कार

लखनऊ | निज संवाददाता

द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की 91 बटालियन को राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट कार्यन्वयन के लिए तीसरा स्थान मिला है। भारत सरकार के 72 कार्यालयों में से यह सम्मान 91 वीं बटालियन आरएएफ को मिला।

भारतीय गन्ना संस्थान में हुए नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति की छमाही बैठक के बाद 91वीं बटालियन के कमांडेंट वी प्रताप सिंह को पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने निरीक्षक शमीम अख्तर को धन्यवाद दिया।



भारतीय गन्ना संस्थान में बुधवार को 91 बटालियन के कमांडेंट वी प्रताप सिंह को पुरस्कार प्रदान किया गया।

**Times Of India, Prayagraj(UP)**

# WHAT AWAITS MAGH MELA DEVOTEES

*To Make The Annual Religious Fair A Grand Affair, Officials Are Chalking Out Security & Civic Arrangements*







## EYE ON CONVENIENCE



### SECURITY ARRANGEMENTS

### ARRANGEMENTS ON GHATS

### ALL LIT UP

### SAVE THE DATE



### TRAINS

### MEDICAL FACILITIES

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।